संत गंगादास का वैराग्य – संत गंगादास का अभी शैषव काल भी पूरा नही हुआ था कि इनके माता–पिता दोनो ने इस संसार को अलविदा कर दिया। अपने परिवार जनो के साथ खेती–बाड़ी करते हुये एक दिन उनके कपड़ों पर मिट्टी लग जाने से बालक का मन खिन्न हुआ। उसके मनो स्थल पर तरंगे उठने लगी और वैराग्य उत्पन्न हुआ क्योंकि देवी शक्ति साक्षात्कार ओख झपक के समान क्षण भर के लिए होता है। रहस्य और वैराग्य के कारण वर्ष की आयु में सत्य की खोज में यह बालक घर से निकल पड़ा उस बालक ने विष्णु दास उदासीन से जो सैदयपुर जनपद बुलंदषहर में ध्यान और योग मे लीन थे। दीक्षा ग्रहण की तथा पूर्व नाम गंगाबख्श से गंगादास नामक संन्यासी हो गये। विष्णुदास उदासी मत के अनुयायी थे। संत गंगादास उदासीन सम्प्रदाय के गुरू प्रणाली में इसके प्रवर्तक श्री चन्द्राचार्य से आगे बारहवे स्थान पर आते है।

उदासीन अतीत वैदिक काल से यह निर्बाध गति से चला आ रहा है। श्री चन्द्राचार्या इसके व्यवस्थापक थे। उन्होंने उदासी सम्प्रदाय को नवीन जीवन दिया तथा वेदान्त के अद्वैतवाद के सिद्धान्तों का पालन किया।

संत गंगादास की षिक्षा – संस्कृत और हिन्दी की प्रारम्भिक षिक्षा अपने गुरू विष्णु दास से प्राप्त की अद्भूत मेधा वाले इस बालक ने सभी धार्मिक सिद्धान्तों और संस्कृत को बहुत शीघ्र ही ग्रहण कर लिया। षिक्षा इनकी विषमकारी रूचि देखकर गुरूजी ने इन्हे उच्च षिक्षा के लिए

वाराणासी भेज दिया। 20 वर्ष तक उन्होने संस्कृत के अनेक धर्म ग्रंथों का अध्ययन कर लिया था। [4]

महान देष भक्त खड़ी बोली के प्रथम कवि संत गंगादास –

संत गंगादास खड़ी बोली में विषाल साहित्य की रचना की है। उनकी रचित विषद् साहित्य के आधार पर ही उनकी हिन्दी खड़ी बोली का प्रथम कवि, आदि कवि या खड़ी बोली का पितामह संत गंगादास को कहा जाता है। दास जी उच्च कोटि के देषभक्त होने के साथ उच्च कोटि के कवि भी थे। उनके व्यक्तित्व और उनके साहित्य पर दिल्ली शाहदरा निवासी डां0 हंस ने अपनी खोज ग्रंथ महाकवि गंगादास व्यक्तित्व एवं कृतित्व में उनके जीवन के हर तरफ विस्तृत एवं कृतित्व में उनके जीवन के प्रत्येक पहलू पर विस्तृत प्रकाष डाला है। उन्होने अपने ग्रंथ में सिद्ध किया है कि खड़ी बोली के पहले कवि भारतेन्दु नही, अपितु संत गंगादास है। श्री हंस के अनुसार जिस समय भारतेंदु का जन्म हुआ था, उस समय तक दास जी हिन्दी साहित्य जगत को खडी बोली में सहस्त्रों पद दे चुके थे।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के जन्म से पहले खड़ी बोली में सहस्त्रों पदपत्र लिखते थे –संत गंगादास – विख्यात साहित्यकार डां0 गोपीनाथ तिवारी का कथन है कि दास जी ने उस समय पूर्व ही खड़ी बोली में काव्य सृजन कर दिया था, जब हिन्दी के कई मूर्धन्य साहित्यकार जैसे ग्रियर्सन, प्रताप नारायण मिश्र व भारतेंदु आदि यह घोषण कर चुके थे कि खड़ी बोली में रचना असम्भव है।

मुझे खड़ी बोली पद्य और इस पर आपकी राय के लिए आपका पत्र प्राप्त हुआ है। मुझे खेद है कि मेरी आलोचना नही हो सकती क्योकि मेरी राय है कि खड़ी बोली मे कविता लिखने के सभी प्रयास असफल

हुये। इस मामले पर कुछ साल पहले बनारस के बाबू हरिष्चन्द्र ने मुझसे पूरी तरह से चर्चा की थी। उनके तर्कों को कायल मानते है – **ग्रियर्सन**

डां0 शर्मा के इस खोज ग्रंथ को पढ़कर मूर्धन्य साहित्यकार डां0 हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इस ग्रंथ के सम्बन्ध में लिखा – डां0 हंस का शोध प्रबन्ध शोध विषय और अनुसंधान कार्य प्रणाली की दृष्टि से एक उपयोगी कृति है। जो हिन्दी साहित्य के इतिहास में बोली का महात्वपूर्ण भूमिका के अतिरिक्त संत काव्य की सुंदर दृष्टि और कला पर संत गंगादास काव्य सौंदर्य प्रकाष डालता है।

ग्रामीण लोकोक्तियों और मुहावरों से जुडता है–महात्मा संत गंगादास काव्य – संत गंगादास के काव्य में लोकोक्तियों मुहावरों व अन्य तत्वों का ऐसा सौंदर्यमय समावेष हुआ है, जो कि कामायनी जैसी उत्कृष्ट रचना की भाषा में भी अलभ्य है। संत दास की भाषा में कुरू प्रदेषिक माटी की भीनी–भीनी गंध और यहां की सुंदर संस्कृति का समावेष है, यहां के लोक जीवन की रूपरेखा में रूपक हो सकते है। संत दास जी ने ज्ञान–भक्ति, निराकार–साकार साधना का सुन्दर समन्वय किया है।

सरस्वती के वरद पुत्र संत गंगादास एक ओर अपने समय के महान देष भक्त, क्रान्तिकारी थे, तो दूसरी ओर वे एक गुप्त कवि थे। संत गंगादास के खड़ी बोली रचित साहित्य ने उनको हिन्दी साहिय जगत में सदा सदा के लिए अमर कर दिया है। हिन्दी के समस्त साहित्य में उनके समान कोई और अंष, संत, कवि नही मिलते है। जो उत्कृष्ट काव्य के साथ–साथ स्वाधीनता के लिए भी अलख जगायी। जाट समाज को संत गंगादास पर गर्व है।

महाकवि गंगादास रचित मुख्य प्रकाषित पुस्तके – सुदामा चरित्र, अंगद रावण संवाद, भरत मिलप, बह्मज्ञान चिन्तामणि आदि।

आचार्य क्षेमचन्द्र 'सुमन'– खड़ी बोली हिन्दी के गढ़ मेरठ जनपद की साहित्यक चेतना का हिन्दी साहित्य के इतिहास में वही स्थान है जो भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में यहां के अद्भूत 1857 की क्रान्ति का था। यदि हम यह के तो कोई अतिषयोक्ति न होगीकि जिस प्रकार भारत की स्वाधीनता के द्वारा मेरठ की बलिदानी भावना से उद्घाटित हुआ। उसी प्रकार राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नयन तथा विकास में भी यहां के साहित्यकारों की देन कम महत्वपूर्ण नही।

संत गंगादास मूलतः संत प्रकृति के भक्त कवि थे। उन्होने अपनी आध्यात्मिक भावनाओं का प्रकटीकरण जिस भाषा मे किया है, वह भारतेंदु के साहित्यिक क्षेत्र में अवतीति होने से पहले ही लिखी गयी थी।

संजम का कर थाल लिया है।
ज्ञान का दीपक बाल लिया है।
तप–घंटा तत्काल लिया है।
धूप करी निष्काम की,
मनै अनहद शंख बजाया।
पूजा करके आत्माराम की,
मनै परमेष्वर पति पाया।

खड़ी बोली का ऐसा उदात्त रूप तो हमें भारतेंदु के काव्य में भी दृष्टिगत नही होता है। यही नही कि उन्होने आध्यात्मिक रचनाएं ही की थी, प्रत्युत समाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों का सम्यक दिग्दर्षन भी उनकी अंधिकांष कृतियों में मिलता है।

डां0 रमेषचन्द्र मिश्र – मेरठ जनपद के प्रिय कवि संत गंगादास ने बडी ललित खड़ी बोली पर काव्य, पुस्तके लिखी है, और खड़ी बोली, जिनके पद शैली के लिए पूर्णतः अनुपयुक्त माना जाता था भारतेंदु की दृष्टि में तो खड़ी बोली के कविता हो ही नही सकती थी, उसी खड़ी

बोली में बड़े–बड़े मार्मिक व्यंजक और ललित पदों की रचना दास जी ने अग्रेजो के शासन की भी खुली आलोचना की है, और इन्होंने भारतेंदु से लगभग 20–25 वर्ष पूर्व ही राष्ट्रीय चेतना का प्रर्वतन किया था। इनकी रचना ज्ञानमाला, कुण्डलियां, छनद में है, जो सन् 1850 की रचना है।

इनके द्वारा प्रयुक्त चेतना की।
चारो के इस वक्त पर, करत रहे तप,
भूप दण्ड देते नही, भई पाय की रेज।
भई पाय की रेज, कचैड़ी लोभी जरनो।
नीति तज गई देख आप अय सबै लगााने,
गंगादास कहे मुख काले रिष्वतखोरो के।
हाकम लोभी थरे बरी दाबे चारा के।।

डां0 चन्द्र पाल षर्मा – बहुआयामी प्रतिभा के धनी संत गंगादास खड़ी के पहले कवि माने जाते है, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें हिन्दी साहित्य में व स्थान नही मिला, जिसके वे अधिकारी थे। उनका काव्य अनूठा माना जाता है, अब कुछ साहित्यकारों ने उन पर शोध करना शुरू किया है।

जे लोग अपने पूर्वजो को भूल जाते है। उनका अतीत धूमिल हो जाता है, कभी मेरठ जनपद का भाग रहे रसलपुर बलोलपुर में 1823 ई. में जन्मे गंगाबख्श (संत गंगादास) भी अपनी मृत्यु के लगभग 75–80 वर्ष तक साहित्य –समाज मे अपरिचित ही रहे, दास जी को साहित्य जगत में स्थापित करने का कार्य मेरठ के दो सपूतो क्षेमचन्द्र 'सुमन' और डां0 जगन्नाथ शर्मा 'हंस' ने किया, सुमन ने मेरठ से प्रकाषित पत्रिका 'साहित्यिक चेनता' में संत गंगादास का सर्वप्रथम लेख लिखा और फिर अपने अनुपम ग्रंथ दिवंगत हिंदी सेवा में उन महत्वपूर्ण सामग्री दी। हंस ने 1970 ई में दास जी के काव्य पर प्रथम शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया, फिर तो

हंस जी के निर्देषन मे 16 शोधियों ने दास जी के साहित्य पर अपने–अपने शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किये। दुःख की बात है कि हिन्दी के इतिहास लेखकों ने संत गंगादास का उल्लेख तक नही किया।

हमारी संस्कृति में गुरू का बहुत महत्व है। गुरू को बह्मा, विष्णु , महेष के समकक्ष मानते है। कबीर तो ईष्वर से पहले गुरू को स्थान देते है।

गुरू गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय।
बलिहारी गुरू आपनों, जिन गोविंद दियो बताय।।

'आचार्य देवोभवः' को मानने वाले संत गंगादास भी गुरू को महा मोह के सिंध से पार लगाने वाला मानते है।

1. **बिन सतगुरू को पार लगैया।**
ना नैया मिले खिवैया।।
2. **सब जगत काल का चारा।**

कवि का भाव – पक्ष क्षेत्र बहुत विस्तृत है। उसने सभी रसों पर लेखनी चलाई है। भाषा कही संस्कृतनिष्ठ है, तो कही एकदम बोल चाल की है। कवि खड़ी बोली के सर्वश्रेष्ठ कवि है, किन्तु उसमें हरियाणवी व पंजाबी के पूट को भी देखा जा सकता है। कही–कही ठेठ देषज शब्दों का प्रयोग है। षब्द निर्माण की क्षमता भी है। वह सुहागन की तर्ज पर विलोम के रूप में दुहागन का प्रयोग हुआ है। अनेक अंलकार देखे जा सकते है। अभिधा में कहने के साथ लक्षणा–व्यंजना का भी खुलकर प्रयोग हुआ है। छंद प्रयोग में तो वह केषव दास के वंषज मालूम पडते है। कुल मिलाकर यह का सकता है कि खड़ी बोली के इस कवि के काव्य में

प्रौढता है और विविध विषयों का सविस्तार वर्णन किया है। अतः इस कवि को उसका उचित स्थान मिलना चाहिएं।

नीति ही राजा अन्याई।
वेद विरोधी सठ दुखदाई।
पंथ चले अब तौल ना पाइ।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा, "हिन्दी साहित्य के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका के अतिरिक्त सेत काव्य की सौंदर्य दृष्टि और कला पर दास जी का काव्य सुंदर प्रकाष डालता है।"

डां0 विजयेन्द्र स्नातक – संत कवि गंगादास का काव्य भारतेंदु पूर्व खड़ी बोली हिंदी काव्य का उच्चतम निदर्षन है और हिंदी साहित्य के इतिहास की अनेक मान्यताओं के परिवर्तन का उद्घोष भी करता है। पद्मश्री सुमन लिखते है, कि संत गंगादास खड़ी बोली के पितामह, आधुनिक काव्य के प्रेरणा स्त्रोत और कुरूप्रदेष के गौरव है।

संत गंगादास के काव्य मे भक्ति दर्षन, वैराग्य, गुरू महिमा, रहस्यवाद, लोक साहित्य, समाज सुधार, नीति आदि के विविध रूपों का विस्तार से वर्णन है।

महाकवि संत गंगादास का छंद शास्त्र – संत दास जी छंद शास्त्र के निष्णात और काव्य शास्त्र के प्रकाण्ड पण्डित थें। हरि गुण गायन हेतु भी छंद की आवष्यकता पर बल देते हुये वे कहते है कि – "छंद से हरिगुन गााना चाहिएं, आगम की मर्याद से मुनि जो मर्याद धर गये"। इसीलिये इनके काव्य में 23 प्रकार के मात्रिक छंदों और 13 प्रकार के वर्णित वत्तों का सफल और शुद्ध प्रयोग मिलता है।

मात्रिक छंदो में तोमर, लीला, सखी, गोपी, चौपाई, सिंह, दोह, सोरठा, कुण्लियां, हरिगीतिका, लावनी, ताटक, कुकुभ और शेखर आदि का प्रयोग मिलता है।

वर्णिक वृत्तों मे विद्युन्माला, मणिबन्ध, मोटनक, वसुधा, दुर्मिल सारंगी, भुजंगप्रयाति, कवित्त एवं जलहरण आदि का प्रयोग है। 'पूरनभक्त' कथा काव्य में पदे–पदे छंद परिवर्तन करने की 'रामचंद्रिका' की केषवदासी प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है। इस कवि ने छन्दों का प्रयोग अधिकार के साथ किया है।

करन कि बानी सारंग पानी,
मन मे जानी, आप हरी।
सुन अब पारथ, कर निज स्वारथ,
नही अकारथ, फोज मरी।।
वीर हमारो, कहा विचारो,
अब सर मारो, देर तजो,
सोचपरन कू दुःख हरन कू ,
मार करन कू , दुःख हरन कू ,
मार करन कू , तीर सजो।।

कबीर दास और संत गंगादास के विचारों का अध्ययन

कबीर दास भक्तिकाल के कवि थे, संत गंगादस स्वतंत्रता सेनानी, संत, कवि थे। कबीर दास संत, कवि, और समाज सुधारक थे। कबीर दास अपने समय में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध क्रान्ति कर रहे थे और संत गंगादास देष में आये विदेषी शक्ति के विरूद्ध क्रान्ति की मषाल जलाये थे। दोनो संत क्रान्तिकारी प्रवृत्तियों के थे। दोनों संत समाज सुधारक, कवि और संत थे। अपने–अपने समय में दोनो संतों ने देष और समाज

को नवीन दृष्टिकोण दिया। अपने पदो के माध्यम से समान्य जन के मध्य क्रान्ति का बीच बोया, तथा मानव जाति के विचारों में परिवर्तन लाने का प्रयास किया। संत समाज का मूल्य कार्य समााज को अपने शास्त्रों का ज्ञान समान्य जन के मध्य उसका प्रचार प्रसार करना चाहिएं।

संत गंगादास ऐसे क्रान्तिकारी थे, जो देष को अंग्रेजो की गुलामी से मुक्त करने के लिए अपने पदो के माध्यम से लोगो को जागरूक करते थे। दास जी के पद खड़ी बोली में लिखे हुये है।

कबीर दास अपने पदो के माध्यम से समाज और देष में व्याप्त जातिवाद, भेद–भाव का घोर विरोध किया। कबीर दास और गंगादास निगुर्ण भक्ति, गुरू की महिमा का गान करना और निराकार ईष्वर की उपासना आदि।

भारतीय संस्कृति गुरू और षिष्य का सम्बन्ध अनमोल है। गुरू के माध्यम से ही ज्ञान प्राप्त करते है क्योंकि गुरू के बिना षिष्य अधुरा है। गुरू ही शिष्य को एक नई दिषा देता है और सत्य से अवगत करता है। गुरू ही है जो अपने षिष्य के गुणो और अगुणों को पहचनता है। गुरू की दृष्टि के उनके सभी षिष्य समान्य होते है।

'षिष्य का सबसे बड़ा आदर्ष एकलव्य है। जिन्होंने गुरू की आज्ञा देने पर अपने हाथ का अगुठा काट कर गुरू के चरणों में रख दिया था। एकलव्य ने गुरू दोणाचार्य की मूर्ति बनाकर उन्हे अपना गुरू माना था और एक पल बिना सोचे एकलव्य ने अपना अगुठा काट दिया।'

प्राचीन काल हो या आधुनिक काल हो दो के विकास और प्रगति के लिए समय–समय पर महात्माओं का जन्म होता रहता है। यह विचारक हमारे और आप जैसे ही व्यक्ति होते है लेकिन उनमें ज्ञान की शक्ति होती है कि वह अपने विचारों को समाज और देश के समाने अपने विचार व्यक्त करते है और जिसका अनुसरण देष और समाज के हित के लिए होता है।

एक आम व्यक्ति ही देष को नयी दिषा दिखाता है क्योंकि बिना अध्ययन के कुछ भी नही हो सकता है। चाहे राम, कृष्ण, बुद्ध, कबीर, सूर, गांधी, डां0 आम्बेडकर ही क्यों न हो इन महान व्यक्तियों ने देष विदेष का भ्रमण किया और वे सभी षिक्षित व्यक्ति थे। जिन्होने भ्रमण के समय जो अनुभव किया वह उन्होने अपने विचारों के माध्यम से लोगो के समाने प्रकट किया। जिसके कारण उन्हे आज भी लोग अपना आदर्ष मानते है। षिक्षा वह आधार है, जो हमारे विचारो को आधार देते है, और प्रस्तुत करने का साहस देता है।

हमारे देष मे एक ऐसे भी महान व्यक्ति का जन्म हुआ था, जो षिक्षित नही थे, लेकिन देष और समाज को एक नवीन विचारों और दिषा दिखाई। उस महान व्यक्ति का नाम कबीर दास है। जिन्होंने समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को विरोद्ध किया था। कबीर दास षिक्षित नही थे, लेकिन समाज और देष की समस्याओं का समझने का उनका अपना दृष्टिकोण था।

संत गंगादास की वाणी ब्रह्मविद्या अथवा सत्य की खोज का काव्य है, जो मानव जीवन एवं समाज को आदर्षोन्मुख करके आनंद प्रदान करता है। दास जी की वाणी मानव जीवन को सत्य की ओर मोड़ने हेतु एक प्रभावषाली साधन है।

अमृत रस में प्याला घोल पिया! पी लिया था उमर जरासी में।
अमर भई भय काल बिनास। पिया ने पूरन कर दई आसा।
गंगादास उसी नसे भासा। हो गया अमल झकझोल पिया।

संत गंगादास ने भारतेंदु हरिष्चन्द्र से 20 वर्ष पूर्व ही खड़ी बोली के विपुल रचनाकार आधुनिक हिन्दी साहित्य को एक नयी दिषा दी। उनके करव्य में निगुर्ण और सदगुण दोनों भक्ति धारा पूरी तन्यमयता से प्रभावित रही है। यही कारण है कि उनके साहित्य पर एक दर्जन से अधिक हो चुके शोध कार्य उनकी प्रमाणिकता सिद्ध करते है। स्वाधीनता संग्रमा की

वीरागंना शहीद रानी लक्ष्मीबाई का अंतिम संस्कार कर उन्होंने राष्ट्रभक्ति को कुषल परिचय दिया। कौरवी भाषा साहित्य को उनकी अप्रतिम देन है।

1. भारतीय धरोहर – डॉ0 जे.एन. शर्मा 'हंस' (नेट)
2. कवि संत गंगादास को हिन्दी खड़ी बोली के साहित्य के भीष्म पितामह कहा है–डॉ0 'हंस'
3. बलिदान दिवस 1858 वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई –राणा भूपेन्द्र सिंह (नेट)
4. 'बिखरे मोती' नाम पुस्तक – लेखक तेजपाल सिंह पृ. सं. 33,34

अध्याय–4

सामाजिक समरसता, आत्मबल जागरूकता में महात्मा गंगादास का योगदान

समाज में समरसता केवल षिक्षा के माध्यम से आ सकती है क्योंकि षिक्षा जो मानव को अंधकार से प्रकाष की ओर अग्रसर करती है तथा आत्मबल एक जागरूकता का बीज उत्पन्न होता है। षिक्षा वह बीज है। जिसके आधार के बिना मानव जाति का विकास असम्भव है। षिक्षा ही मानव के जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। जिसके बिना मानव को अपने अधिकारो और नियमों की जानकारी नही होती है।

सामाजिक समानता अर्थात् जातिगत भेद–भाव एवं अस्पृष्यता का जड़ मूल से उन्मूल कर लोगो में परस्पर प्रेम और सौहर्द बढ़ाना तथा समाज के सभी वर्गों एवे वणों के मध्य एकता स्थापित करना, समरसता का अर्थ है। सभी को अपने समान समझना । सृष्टि में सभी मनुष्य एक ही ईष्वर की संतान है और उनमें एक ही चैतन्य विद्यमान है। इस बात को हृदय से स्वीकार करना।

भारतीय संस्कृति में कभी किसी के साथ किसी भी तरह के साथ भी तरह का भेदभाव स्वीकार नही किया गया है। हमारे वेदो में भी जाति या वर्ण के आधार पर किसी भेद भाव का उल्लेख

नही है। वेदो मे जाति के आधार पर नी बल्कि कर्म के आधार पर वर्ण व्यवस्था बतायी गयी है।

समय के साथ–साथ इन व्यवस्थाओं में अनेक विकृतियां आती गई। इसके परिणाम स्वरूप अनेक कुरीतियां एवं कुप्रथाओ जन्म हुआ इन सबके कारण जातिगत–भेदभाव छूआछूत आदि का प्रवृति बढती गई। इसी के चलते उच्च वर्ग एवं निम्न वर्ग का जन्म हुआ।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज के अभाव में न तो चैन सुखपूर्वक रह सकता है, और न प्रगति कर सकता है। यही कारण है कि मनुष्य अपने समुदाय परिवार के प्रति भावात्मक रूप से संबद्ध रहता है। परिवार, जाति, धार्मिक संप्रदाय किसी को लेकर, इसके सदस्यों के मध्य भावात्मक एकता होती है। जो इस समाज या समुदाय की एकता के रूप में जानी जाती है। किसी राष्ट्र के अस्तित्व के लिये यह परम आवष्यक है क्योंकि उसके सदस्यों में भावानात्मक एकता हो। इससे ही दूसरे शब्दों मे राष्ट्रीय एकता कहते है।

देष की विभिन्नता ही दर्षाती है समाजिक समरसता

भारत देष में अनेक जाति, धर्म, और विभिन्न भाषाओं, वेष–भूषा, सभ्यातएं संस्कृति के लोग हमारे देष भारत मे रहते है। विभिन्नता होने पर भी हमारे देष की एकता और अखंडता सम्पूर्ण विष्व में जानी जाती है। हमारे देष की संस्कृति मे तो विभिन्नता में भी समरसता है। ठीक उसी प्रकार यहां की प्रकृति में विभिन्नता

होते हुये भी समरसता का संदेष देती है। हमारे देष की संस्कृति हो या प्रकृति हो दोनों में समरसता गुण समाया हुआ है।

नीता श्रीवास्त, आचार्य, सरस्वती षिषु विद्या मंदिर – हमारा देष एक विषालकाय देष है। यहां कई जाति, धर्म और विभिन्न संस्कृति के लोग रहते है। इन धर्मों के अलग–अलग नियम होते है। जिस कारण से किसी भी देष के विकास में साममाजिक भेदभाव से कई सारी समस्या उत्पन्न होती है। सामाजिक समरसता से तात्पर्य इस सामाजिक भेदभाव को खत्म करना और समाज के सभी वर्गों के लोगो में प्रेम भाव उत्पन्न करके सामाजिक समरसता स्वीकार करना और प्रेम पूर्वक रहे और उनमें एकता हो, यही सामाजिक सरसता कहलाती है। जिस देष में सामाजिक समरसता रहती है। उस देष का विकास तीव्र गति से होता है।

सस्मिता आचार्य, सरस्वती षिषु विद्या मंदिर – हमारा देष भारत भूमि संतों–मुनियों और राष्ट्रभक्तो के खून पसीने से सीची गई तपो भूमि है। यहां बई जातियों और धर्मों के लोग रहते है। भाषा, धर्म जाति, खानपान देवी–देवताओं में भी विविधता है लेकिन इन विविधता के साथ भी हम सभी भारतीय है। यह सबसे बड़ी विषेषता है।

वैदिक साहित्य में सामाजिक सरसता–मुरलीधर चांदनी वाला

भारतीय साहित्य का जहां से उदगम हुआ वह स्त्रोत निर्विवाद रूप से वेद आर्य काव्य की श्रेणी में आते है। हमारे प्राचीन ऋषि मनुष्य थे, समाज के साथ थे। वे आपसी सरोकार और सदभाव को सबसे अधिक मूल्यवसन समझते थे। वे आपसी प्रेम और सदभाव को सबसे अधिक मूल्यवान समझते थे। मनुष्य की जिजीविषा उसके समाजिक सरोकर और सामाजिक जीवन की योजनाओं के सुन्दर चित्र वेदों में से बार–बार झांकते हुये दिखाई पड़तें है। सर्वप्रथम वैदिक ऋषियों ने ही उस समाजिक समरता की परिकल्पना की जो परवार्तीकाल में हमें भारतीय साहित्य की आत्मा के रूप में पहचान में आती है। ऋग्वेद के सबसे अंत में जो समापन गीत है उस पर हमारा ध्यान जाता है। यह सामाजिक समरसता का पहला गीत है, जो सदियों ये समवेत स्वर में गाया जाता है।

गीत – सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मानांसि जानताम् ।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानना उपासते।।
समानो मंत्रः समितिः समानी
समानं मन स चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रामभि मंत्रये वः
समानेने वो हविषा जुहोमि।।
समानी व आकूतिः समाना हृदयानिवः।
समानममस्तु वो मानो यथा वः सुसहासति।।

मनुष्य आदिकाल से ही सामाजिक समरसता की भावनाओं को सींचते हुये यहां तक आया है। वह अंधकार और

मृत्यु से घिरा होने के बाद भी सदैव मनुष्यता से भरा हुआ दिखाई देता है।

समरसता की षिक्षा मानव को प्रकृति से लेनी चाहिए क्योंकि इतनी विभिन्नता होते हुए भी प्रकृति किसी के साथ भेदभाव नही करती है, चाहे वह किसी जाति, धर्म या प्रान्त का व्यक्ति क्यों न हो तथा सभी मानव प्रकृति का समरसता के साथ उसका उपभोग करते है। जैसे सूर्य का प्रकाष सभी मानव जाति के लिए एक है। फल–फूल, जल, प्रकृति से उत्पन्न होने वाले खाद्य पदार्थ सभी मानव जाति के लिये है। मानव को प्रकृति के नियम का पालन करना चाहिए।

प्रकृति मानव को एक ही षिक्षा देती है के विभिन्नता में भी एकता होती है। जैसे फूलो की महक सभी के लिये है।

भारतीय साहित्य का मूल स्वर सामाजिक समरसता ही है। इस सूक्त के मध्य कि–

समानी प्रपा सह वोन्न भागः,

समाने योक्त्रे सह वो युनिज्म।

सम्च्चोडग्नि सपर्यतारा,

नाभिरमिवाभितः।।

–अर्थववेद [1]

समरसता के संत – सतीष पेडणेकर

कबीर ने बनारस के घाट से जन जन के बीच ज्ञान की वाणी मुखरित कर समरसता समाज के प्रति एक मानस बनाया था। लोगो को समझाया था कि जात, पात, वर्ण भेद आदि भूलकर सबको एक ही मानो सबकी जात सबको एक ही मानो सबकी जात मानवता है। भारत में प्राचीन काल से ही वर्ण व्यवस्था के उपरी भेदों के विरूद्ध समाज को जाग्रत करने के लिये संतो–महंतो ने अनेक सूत्र दिये और सत् मार्ग की दिषा बताई। भारतीय संस्कृति में य बात अनादि काल से रही कि मानव किसी भी भेदभाव से परे एक है। वेदव्यास से लेकर वाल्मिकी तक और किसी एक विवेकानंद से लेकर महात्मा गांधी तक सभी ने अपनी तरह सरलतम शब्दों में 'सब जन एक' का मंत्र दिया है।

इस देष के इतिहास में स्वामी रामानंद पहले संत पुरूष थे, जिन्होने इस देष के समाज को धर्म–संघ में उचित प्रतिनिधित्व देकर उन हजारों जातियों और उपजातियों में बिखरे निराषा और पराभव अंधकार में डुबे निष्प्राण समाज में पुनः प्राण फूंक कर धर्म के सही मार्ग को समझाया। इससे पूर्व के जितने भी संत–महापुरूष हुये उन्होने दार्षनिक आधार पर विष्वबंधुत्व 'बसुधैव कुटुम्बकम्' की बात तो की थी, परन्तु धर्म–व्यवस्था में उसके पूरी तरह प्रतिष्ठापित होने में कही न कही कसर रह गयी थी।

रामानंद प्रतीक थे, उस काल के जब भक्ति का धार्मिक किसी एक छोटे हिस्से तक समित न रहकर सारे भारत का आंदोलन बन गया था। उसने जाति, वर्ण, और लिंग भेद से परे

जाकर सारे देष को अपनी आगोष में ले लिया था। उस समय के संतों ने समाज को अध्यात्म से जोड़ दिया था। एक ही संदेष था कि सभी में एक शक्ति का वास है। तो फिर सामाजिक भेदभाव कैसा, धर्म के रास्ते पर सब समान है

बाह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः,
ऊरू तदस्य यद्वैष्यःपदभ्यां शूद्रोऽअजायता ।।

–ऋग्वेद संहिता

समरसता का सनातन दर्षन–

समतापरक सुसंस्कृत समाज का निर्माण, संचालन एवं अस्तित्व किसी व्यक्ति, जाति, वर्ण, वर्ग या समुदाय विषेष के योगदान से नही होता है। समाज की संपूर्णता एवं सजीवता के निमित प्रत्येक व्यक्ति की खुषहाली, सहभागिता एवं समर्पण बेहद जरूरी है, चाहे वह किसी भी जाति संप्रदाय, वर्ण या समुदाय का हो।

'श्रीराम द्वारा केवट को गले लगाना सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण है।'

समाजिक समरससता का मूलमंत्र समानता है, जो समाज में व्याप्त सभी प्रकार के भेदभावों एवं असमानताओं को जड़–मूल से नष्ट कर नागरिकों में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द में वृद्धि तथा सभी वर्गों में एकता का संचार करती है। समरसता का आषय भी है कि संसार में विद्यमान चेतन–अचेतन जगत के समस्त घटको को

अपने समान समझना, आदर–सत्कार एवं प्रेम करना, क्योंकि ये सब स्व का ही विस्तार है। हमे मनसा–वाचा–कर्मणा से यह तथ्य स्वीकार करना पडेगा कि प्रकृति के सभी घटक चेतनशील एवं उन सभी के विकास से ही मानव समाज का सर्वतोमुखी विकास संभव है।

समरसता का सूत्र – हमारी ज्ञानात्मक चेतना के अक्षय स्त्रोत वेदों मेमं भी संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार माना गया है। इनमें मेरे–तुम्हारे जैसे संकुचित भावों के लिए कोई स्थान नही है–

अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्।

उदारचरितानां तू वसुधैव कुटुम्बकम्।।

जो संपूर्ण विष्व में सामंजस्य, सौमनस्य एवं सौहार्द की बात करता है –

सहृदयं सामनस्यमविद्वेषं कृणोर्मि वः।
अन्यो अन्यमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या।।

हमारी सामाजिक एकता एवं समरसता का बाधित करने वाली विसंगतियां सनातन संस्कृति का अंग कतई नही थी। परतंत्रता के सैकड़ों वर्षों में आक्रमणकारियों ने हमारे धार्मिक ग्रंथों एवं सामाजिक परंपराओं की व्याख्याओं में मिथ्या तथ्य जोड़कर उन्हें विकृत कर दिया । कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था अनेकानेक विकृतियों, कुरीरितियों, एवं कुप्रथाओं से आच्छादित हो

गई तथा उसका मूल स्वरूप विकृत हो गया। इसमें वर्णगत भेदभाव , छुआछुत आदि प्रवृति पनपी तथा उच्च,मध्य तथा निम्न वर्गों का उदय हुआ।

छान्दोग्योपनिषद, रामायण, महाभारत, अध्यात्म रामायण आदि आर्य ग्रंथों में आदर्ष राज्य का जो निरूपण किया गया है, उसका सारतत्व रामचरित्रमानस में निहित है। श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास काल वनवासियों, जीव–जन्तुओं, वानरों, नदी–नाल, पक्षियों, पर्वतों, वनस्पतियों एवं प्रकृति के अन्यान्य घटकों में साहचर्य एवं समरसता का आदर्ष काल था। श्रीराम के जीवन और व्यवहार जैसा समरसता का आदर्ष उदाहरण अन्यत्र दिखाई नही देता। वनवास काल में जब श्रीराम की भेंट शबरी से हुई तो उन्होंने उनको माता के समान आदर दिया।

प्राचीन भारतीय जीवन में समरसता को रामकाव्य के साथ–साथ मध्यकालीन कृष्णकाव्य भी जीवंत रखता है। कृष्ण भक्त कवियों का काव्य मानव मात्र के एकत्व के मूल सिद्धांत से अनुप्राणित है। ये कवि मन–वचन–कर्म से भारतीय समाज को समता, ममता तथा एकता के सूत्र में बांधकर समरस समाज निर्माण की व्यापक चेष्टा करते दिखाई देते है।

कवि सूरदास के काव्य में समाजिक समरसता समाज व्याप्त है। भक्त चाहे जिस जाति, कुल, गोत्र, वंष, का हो, वह श्रीकृष्ण को स्वीकार्य है–'जाति–पाति कोउ पूछत नाही श्रीपति के दरबार।'

सूरदास ने सामाजिक समरसता तथा अपने उपास्य श्रीकृष्ण के समदर्षी स्वभाव का भी वर्णन किया है।

वनवासी कल्याण आश्रम भी वनवासी क्षेत्रों में समरसता स्थापित करने के लिये भगीरथ प्रयास कर रहा है। सेवा भारती भी उपेक्षित जातियों में सेवा एवं षिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनी योगदान दे रहा है। **डां0 भीमराव अंबेडकर** तो कहा करते थे, 'बंधुता ही स्वतंत्रता तथा समता का आष्वासन है, स्वतंत्रता तथा समता की रक्षा कानून से नही होती है।'

स्वामी विवेकानंद – 'हर व्यक्ति स्वयं पूर्ण है तथा उसे अपने बंधुओं के उपर शारीरिक, मानसिक, अथवा नैतिक किसी भी प्रकार शासन चलाने की आवष्कता नही है। खुद से निचले स्तर का कोई मनुष्य नही होता है, इस मान्यता का जब वह धारण कर लेता है तभी वह समानता का उच्चारण कर सकता है। जब समानता का भाव स्थापित होगा तभी मनुष्य–मनुष्य के बीच की दूरी कम होगी। परस्पर प्रेम एवं सहयोग की भावना बढ़ेगी और सहयोग से समृद्धि प्राप्त होगी।

जहां सुमति तहं संपति नाना।

जहां कुमति तहं बिपति निदाना।।

पंजाब केंन्द्रीय

सामाजिक समरसता–

सामाजिक समरसता के मूल घटक है, जिन्हें ही सामाजिक समरसता की अंतवस्तु माना जाता है।

1. शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व– यह सामाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि समरसता संघर्ष के सिद्धान्त पर आधारित नही है, इसमें हितों और आकाक्षाओं में संघर्ष नही है, यह सामाजिक–सांस्कृतिक व राजनैतिक विरोध से अलग सह–अस्तित्व और परस्स्पर निर्भरता की अवधारणा है। सामाजिक समरसता पहचान और अस्मिता का प्रष्न नही है, न ही इसमे पृथक अस्तित्व है। इसमें तो शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व है।
2. सहयोग– यह भी समाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण घटक है। एक साथ मिल–जुलकर कार्य और कार्य को साझाा करने के भाव को ही सहयोग कहतें है। अतः साथ मिलकर कार्य करने या सहयोग से समाज में समरसता स्थापित होती है।
3. परवलम्बन निर्भरता– यह भी सामाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण घटक है। समाज के सभी लोग किसी न किसी काम के लिए परस्पर निर्भर रहतें है। लोगों में परस्पर निर्भरता या परावलम्बन समाज में समरसता स्थापित करते है।
4. सामाजिक समरसता के मूल घटक– समन्वय, सरोकार, समूह चेतना, सदस्यता आदि।

5. धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम – प्राचीन काल से ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम जैसे– यज्ञ, अनुष्ठान एवं पर्व समाज में समरसता स्थापित करते रहे है, क्योंकि इनमें समाज के सभी लोग भाग में जाति लेते है, जिससे समाज में समरसता बढ़ती है।
6. कला– यह सामाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण घटक है। कला में जाति वर्ग भेदभाव का स्थान नही है। अतः यह सामाजिक समानता का प्रतीक है। कला संस्कृति की वाहिका है। अतः कला हमारे सामाजिक कुरीतियों, अस्पृष्यता भेदभाव तथा अभावों का मामिक चित्रण प्रस्तुत करके कला लोगों के ह्रदय में परिवर्तन लाकर अंत समूह संपर्क को बढ़ाकर समरसता को प्रोत्साहित करती है।
7. संविधान– संविधान से ही सामाजिक समरसता संभव है। समाज में सामाजिक न्याय एवं समता की व्यवस्था करता है, तथा एक प्रगतिषील समाज की नींव रखता है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान किये गये है, जो सामाजिक समरसता को बनाये रखने में मदद करते है। जैसे संविधान के अनुच्छेद 14 में विधि के समक्ष समानता का उल्लेख है, तथा अनुच्छेद 15 में धर्म, वंष जाति, लिंग, जन्म स्थान आदि के आधार पर भेदभाव का निषेध किया गया है। इस तरह संविधान समता के मूल अधिकार व भाईचारा बढ़ाने के मूल कर्त्तव्य के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।

8. **साहित्य एवं सामाजिक समरसता** – साहित्य एवं सामाजिक समरसता को बनाये रखने में अपनी अहहम भूमिका अदा की है। साहित्य में सामाजिक षिक्षक, एकता, भाईचारे की भावना को विकसित करने की प्रवृति पाई जाती है। समाज में जो कुछ सुसंगत हो रहा है, वह साहित्य का विषय वस्तु है, जिसका सीधा प्रभाव लोगों पर पड़ता है। साहित्य के सृजन के माध्यम से लोगों में मानसिक परिवर्तन को प्रेरित कर सामाजिक समरसता का विकास संभव है।
9. **षिक्षा एवं जागरूकता** – सामाजिक समरसता को बनाएं रखने के लिए आवष्क तत्व है, क्योंकि जब समाज के सभी वैचारिक षिक्षण एवं परामर्ष होगे तो सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

समाज की कल्पना मानव से की गई है। मानव के सभी अंग षरीर को संपूर्ण बनाने के लिए सभी अंग महत्वपूर्ण है, उसी प्रकरी इस समाज का संचालन करने के लिए इसको चार वर्गों में विभाजित किया गया है। बाह्मण, क्षत्रिय, वैष्य, शूद्र। षरीर के अंग कोई किसी से छोटा या बड़ा नही होता है उसी प्रकार समाज में कोई जातिवाद नही होना चाहिए, क्योंकि यह समाज को चलाने के लिए चार स्तभ्म है। जिसके बिना समाज की कल्पना नही की जा सकती है।

डां0 अंबेडकर ने हिन्दू धर्म की कुरीतियों का प्रखर विरोध करते रहे लेकिन हिन्दू धर्म की आत्मा अद्वैत को कभी नकार न सके।

संत कबीर दास भक्ति काल के एक ऐसे कवि है जो जीवन भर समाज में व्याप्त कुरीतियों पर कुठार घात करते रहे और समरसता की अलख जागाते रहे। वे कर्म प्रधान समाज को विषेष महत्व देते थे। लोक कल्याण ही उनके जीवन का एक मात्र उद्देष्य था।

आधुनिक भारतीय धार्मिक साहित्य और संत महंतो के वचनो में सदैव यही कहा है कि भगवन राम, कृष्ण और महात्मा बुद्ध से बाद के संत परम्परा तक ने भेदभाव पर आधारित समाज व्यवस्था के विरूद्ध आवाज सदैव तीव्र रही सबका कहना है कि सभी वर्ण समान है।[2]

संत गंगादास – आधुनिक काल में समाज में फैली कुरीतियों और जातिवाद का तीव्रतम् हुआ। समय–समय पर समाज में समाज सुधारको का जन्म होता रहता है। दास जी का जन्म गुलमा भारत देश मे हुआ था। उस समय समाज और देश की क्या स्थिति होगी। इस की कल्पना आज का मानव उस समय की कल्पना भी नही कर सकता है।

हिन्दी भाषा को अपनी बात कहने का माध्मय बनाया, क्योंकि एक राष्ट्र को जोड़ने के लिये एक भाषा होनी चाहिए। जो हिन्दी ही हो सकती थी। दास जी ने हिन्दी साहित्य में राजनैतिक और राष्ट्रीय चेतना का आरम्भ कर स्वतंत्रता की अग्नि को

प्रवज्जलित किया। महात्मा गांधी ने भी हिन्दी भाषा तथा चरखे को स्वराज्य प्राप्ति का साधान माना था।

अंग्रेजी शासन की स्थापना ने देश में जातिवाद व्यवस्था धनवान एवं गरीब, राजा एवं प्रजा के बीच की खाई को चौड़ा कर दिया । दास जी ने इस व्यवस्था पर भारी चोट की और उन्होंने अपने वेद सम्मत दर्शन को व्यक्त करने के लिए हिन्दी की खड़ी बोली को माध्यम बनाकर राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। उन्होंने हिन्दी साहित्य राष्ट्रीयता का प्रथम विगुल बजा दिया। हिन्दी की खड़ी बोली के प्रथम कवि कहे जाने वाले दास जी ने अपने साहित्य में राष्ट्रीवादी भावना को उभारा और अपने काव्य में तत्कालीन ब्रिटिश शासन की आलोचना की। अंग्रेजी हुकुमत मे इसाई धर्म गुरू लोगो को अपने धर्म में दीक्षित कर रहे थे। वैदिक धर्म की सर्वत्र निन्दा हो रही थी।

महाघोर आया कली, पड़ी पाप की धूम।
पंथ वेद के छिप गये, ना होते मालूम।।
ना होते मालूम पाप ने दाबी परजा।
फिर सुख कैसे होये धमक का हो गया हरजा।।[3]

1. hindiviek.or
2. mpgkpdf.com
3- बिखरे मोती– तेजपाल सिंह – पृ.सं.– 36, 37

अध्याय–5

महात्मा गंगादास के साहित्य में आध्यात्मिक अवधारणा और सामाजिक कुरीतियां

भारत एक आध्यात्मिक देष है। इसमें विभिन्न महात्माओं का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपने ज्ञान और प्राकृतिक वातावरण के अनुभव के आधार पर तथा वेद उपनिषद के अध्ययन से प्राप्त ज्ञान से महात्माओं ने समाज और देष को एक नवीन दृष्टिकोण दिया है। आधुनिक भारत की नीव स्थापित करने मे सहायता की है, एक समृद्ध इतिहास के कुछ मामलों में, राजनितिक कार्यवाही और दार्षनिक षिक्षाओं के माध्यम से दुनिया भर में अपने प्रभाव से प्रभावित किया है। यह एक साथ समाज सुधारकों ने समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के प्रति आंदोलन किया।

समाज सुधारको के नाम– डां0 भीमराव अम्बेडकर, महात्मा गांधी, कबीर दास, महात्मा बुद्ध, स्वामी दयानन्द सरस्वती, राजा राम मोहन राय, महावीर स्वामी, मदर टेरेसा, स्वामी विवेकानंदा, सावित्री बाई फुले, गुरूनानक देव, ईष्वर चन्द्र विद्यासागर, ज्योतिराव गोंविदराव फुले आदि।

भारतीय समाज चार वर्गों में विभाजित है। जैसे, बाह्मण, क्षत्रिय, वैष्य, षूद। जो समाज के चार स्तम्भ है। जिसके बिना समाज की कल्पना भी नही की जा सकती है। यह मानव षरीर के

समान है। यदि मानव का कोई अंग न हो तो मानव के जीवन में अनेक समस्याएं होती है। उसी प्रकार यह समाज भी है, लेकिन मानव इस बात को नही समझता है। वह जातिवाद के मध्य फंसा रहता है। जिसके कारण समाज में अनेक कुरीतियों ने जन्म लिया है। जातिवाद की समस्या आज की नही है, यह प्राचीन काल से चली आ रही है। जातिवाद का वृक्ष अति विषाल हो चुका, जिसकी जड़े बहुत गहरी है।

समाज मे व्याप्त अनेक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समय–समय विभिन्न संतो और महात्माओ ने समाज को अपने विचारो समाज के समाने प्रस्तुत किया है और सरल से सरल वाणी का प्रयोग किया जिससे समान्य मानव को समझने में कोई परेषानी न हो और उस विचार को मानव अपने पदों के माध्यम से समान्य जन तक अपने विचार व्यक्त का सके। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए आंदोलन भी हुये।

कबीर दास समाज सुधारक के साथ हिन्दी साहित्य के एक महान कवि थे। दास जी ने सत्य के माध्यम से समाज को दर्पण दिखाया। उनकी वाणी में सरलता के साथ एक कोठर षिक्षक का रूप देखने को मिलता है। सत्य का ज्ञान देकर समाज का कल्याण किया। दास जी ने उन कुरीतियों की निंदा की जो मानव जाति के विकास में काटे के समान थी। दास जी ने जातिवाद का घोर विरोध किया। मानव मे व्याप्त अनेक कुसंगतियों से मानव को परिचित कराया, जैसे छल, कपट, निंद, अहंकार, जाति

भेद–भाव, धार्मिक पाखंड आदि को छोड़कर एक सच्चा मानव बनने की प्ररेणा दी। समाज में चल रहे अंधविष्वासों रूढियों पर करारा प्रहार किया।

कबीर दास ने मूर्ति पूजा का का विरोध किया क्योंकि कुछ जनजातियों को मन्दिर में प्रवेष वर्जित था। दास जी ने का कि ईष्वर की उपासन के लिये मूर्ति की कोई आवष्यकता नही है। हम ईष्वर को भक्ति और साधना से भी प्राप्त कर सकते है। दास जी ने बाह्य आडम्बरों का खण्ड किया है। दास जी ने भक्ति और साधना को अलग ही महत्व दिया है। अपने ज्ञान के अनुभव और प्रकृति से प्राप्त ज्ञान से मानव समाज के समाने अलग ही दार्षनिक विचार प्रस्तुत किया है। कबीर दास जी ने गुरू को ही भगवन बताया है क्योकि उनके मागै दर्षन के बिना मानव जाति का कल्याण नही हो सकता है।

सतगुरू की महिमा अनंत–अंनत किया उपगार।
लोचन अनंत उघाडिया अतंत दिखावणहार।।

–गुरूदेव कौ अंग

जब हमारा देष अंग्रेजो की गुलामी से मुक्त होने के लिये निरन्तर प्रयास कर रहे थे। हमारे देष का प्रथम स्वतन्त्रता संग्रमा 1857 ई. में हुआ था। इस संग्रमा में अनेक वीरों और महात्मा ने इस संग्रमा में अपना योगदान दिया था। इस संग्रमा में एक महान संत गंगादास जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जो झांसी की रानी के मार्ग दर्षक बने। वे अपने विचारों और वातावरण के

अनुसार अपने उपदेष्यों के माध्यम से समान्य जन को आजादी के लिए प्रेरित करते थे।

संत गंगादास अपने समय के शासन काल की आलोचना करते हुये कहते है। ब्रिटिष भ्रष्ट शासन अनयायकारी न्यायलायों बेईमान न्यायाधीषों लालची अधिकारियों और रिष्वतखोर कर्मचारी का यथार्थ चित्रण करते हुये, संत दास जी ने यहां तक कहा है कि वास्तवकि चोरो के विरूद्ध किये गये बाद भी उत्कोच–लोलुप न्यायधीष खारिज कर देते है। न्यायालयों में की मेज पाप पूर्ण कार्यों का कलुष स्थान बल गई है।

कबीर दास के समय मे समाज में जातिवाद था और संत गंगादास के समय देश गुलाम था। कबीर जी और गंगादास जी दोनो अपने समय के क्रान्तिकारी, संत, कवि, समाज सुधारक, दार्षनिक थे।

संत गंगादास–प्रबोधन के पद

हीरा जन्म अकारथ हारे।
पागल सब इकरार बिसारे।
गंगादास कह जन्म गुजारे।
भूल गया भगवान।

कबीर दास– गुरूदेव कौ अंग

दीपक दीया तले भरी,वाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहूणा, बहुरि न आंवौ हटट।।

भारत के समाज सुधारक– किसी भी समाज में विविध और विभिन्न प्रकार के लोग रहते है। वे विभिन्न धर्म, जाति, रंग, लिंग और विभिन्न विष्वासों को मानने वाले हो सकते है। उनमें यह उम्मीद की जाती है कि वे समाज से सामंजस्य बिठाएं और बिना किसी भेदभाव के साथ रहे, आदर्ष स्थिति तो तब मानी जाएगी जब समाज के सभी वर्गों में बराबरी, आजादी और भाईचारा हो। सम्पूर्ण दुनियां का मानव समाज यह बताता है कि रह जगह कई तरह की शोषणकारी प्रथाएं प्रचलित है, शोषणकारी सोच समाज में मानव की सर्वोच्चता, सत्ता और शक्ति का लालच ही मानव को अन्य मानव का शोषण करने का मुख्य कारण होता है। उच्चवर्ग, निम्नवर्ग का शोषण करते है, पुरूष महिलाओं का, और अन्य जाति और धर्म के लोग दूसरे जाति और धर्म का शोषण करते है। मानव का स्वभाव ऐसा है कि स्वयं को श्रेष्ठ मानना ही मानव को अन्य व्यक्तियों का शोषण का कारण होता है।

समाज मे व्याप्त अनेक कुरीतियों के कारण समाज में सदैव समन्वय का अभाव रहा है जैसे जातिवाद, सती प्रथा, आदि को समाप्त करने के लिए अनेक समाज सुधारको के प्रयास से इन सभी प्रथाओ का अंत हो सका। भारत सौभाग्यषाली है। उसके

इतिहास में कई असाधारण इंसान हुए जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज और देष को समर्पित कर दिया। इन असाधारण पुरूष और महिला समाज सुधारकों के जीवन और उनके कार्यों के प्रयासो की सराहना करनी चाहिएं।

संत गंगादास – दास के समय समाज रूढिग्रस्त और भाग्यवादी था। आर्थिक विपन्नता उस समय इतनी नही थी, परन्तु रूढियों और परम्पराओं के कृत्रिम पालन करने में ही दलित होता जा रहा था।

लोगों को मुहूत्तों, शुभाशुभ दिनों, जादू–टोनों, कवचों, के झाड़–फूंक करने वाले ओझाओं आदि में बहुत विश्वास था। पशु–पक्षियों के रास्ता कट जाने पर वे शुभाशुभ का विचार करने लगते थे। समाज में बाल विवाह की कुरीति प्रचलित थी। कन्याओं का विवाह 3,4 और लड़कों का विवाह 6,8 वर्ष की अवस्था में हो जाता था।

अंग्रेजी शासन स्थापित होने के बाद कुरू प्रदेश का सामाजिक जीवन कट्टर गतिहीन, रूढिबद्ध, असामाजिक एवं अनुदार अन्धविश्वासों, कुरीतियों तथा कुप्रथाओं से भर गया था। समाज उसस तालब की भांति था, जिसके जल की उन्मुक्त गति अवरूद्ध हो गयी थी।

समाज को पतन के गर्त्त में गिराने का उत्तरदायित्व अनेक पाखण्डी पन्थों उन स्वार्थी साधुओं पर भी था जो कपड़े रंगकर

जनता को बहका रहे थे। अनेक संत पाखण्डी, दम्भी और निरक्षक भट्टाचार्य होते थे, ज्ञान शून्यता के कारण महाकवि की आत्मा तड़प उठती थी। दास जी कहते है कि 'संत हंसों के वेश में बगुले है।' संत तो सदैव आत्मतत्त्व में रमण करते है। संसार में कभी आकर्षित नही होते है। धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक परिस्थतियों के परिप्रेक्ष्य में समाज गंगादास–काव्य में सजीव रूप से मुखरित हुआ है। दास जी की वाणी सामाजिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

दाबी सारी पाप ने, परजा हो गयी दीन।

कर्म धर्म सब छुट गये, ऐसी मती मलीन।

ऐसी मती मलीन जीव जड़ भये बिचारे।

उदर भरे सोई कार बरन करते हैं सारे।

गंगादास–जन कहें कली ने करी खरबी।

बेबस हो गये जीव, मती पापों ने दाबी

भ्रष्ट शासन और समाज।।77।। [1]

राजा राम मोहन राय – 19 वीं शताब्दी के आरम्भ में, भारतीय समाज कई सारी सामाजिक बुराईयों से घिरा हुआ था, जैसे सतीप्रथा, जातिवाद, धार्मिक अंधविष्वास आदि। राय सर्वप्रथम व्यक्ति थे। जिन्होंने ऐसी अमानवीय प्रथाओं को पहचाना और इनके खिलाफ लड़नं का प्रण किया। इन्हें भारतीय

पुनजागरण का षिल्पकार और आधुनिक भारत का पिता माना जाता है।

राम मोहन राय का जन्म बंगाल के हुगली जिले के राधा नगर में 22 मई 1772 को हुआ तथा इनका संबंध पारंपरिक ब्राह्मण परिवार से था। राय जी की मृत्यु 27 सितंबर 1833 को इंग्लैड के ब्रिस्टल में इनका निधन हो गया।

राम मोहन राय खुले विचारों के थे। वे पष्चिमी प्रगतिवादी सोच से बहुत प्रभावित थे तथा वे कई धर्मों का अध्यापन में भी बहुत निपुण थे। वे इस्लाम के एकेष्वरवाद, सूफी दर्षन शास्त्र के तत्वो से, ईसाइयत की आचारनीति और नैतिकता से और उपनिषद के वेदांत दर्षन से प्रभावित थे। उसका मुख्य उद्देष्य उन बुराइयों को मिटाने की ओर था जो हिन्दू समाज के चारों ओर फैली थी।

उन्होंने हिन्दूओं क मूर्ति पूजा क आलेचना क और वेद के पद से अपनी बात को साबित करने की कोषिष की लेकिन वो खास योगदान जिसके लिये राम मोहन राय याद किये जाते है। सतीप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिये किया गया प्रयास जो उनको सदैव के लिए अमर कर गया।

आधुनिक भारत का विचार सर्वप्रथम राम मोहन राय के कार्य और प्रयासों ने दिया जो चिरकाल ब्रिटिष शोषण और समाजिक बुराई के दोहरे बोझ के तहत घूम रहा था। भारत के

स्वतंत्रता के लंबे संघर्ष की शुरूआत राम मोहन राय के आधुनिक विचारों को फैलाने से हो चुकी थी। आधुनिक भारत बनाने में योगदान आधारषिला की तरह है।

20 अगस्त 1828 को राम मोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना की, जो बाद में ब्रह्मों समाज बना, इस संगठन का कार्य एक ऐसा आंदोलन था, जिसमें एकेष्वरवाद को बढावा दिया और मूर्ति पूजा की आलोचना की, समाज को ब्राह्मणवादी सोच से और महिलाओं को उनकी दुर्दषा से बाहर निकालना आदि था।

स्वामी दयानंद सरस्वती – सरस्वती जी का जन्म गुरजरात के मौरवी में 12 जनवरी 1824 को हुआ था। 21 साल की उम्र में अपना घर छोड़ दिया और स्वामी पूर्णनंद के साथ यात्रा पर निकल गये। सरस्वती जी वेदों के अध्यापन में बहुत विष्वसनीय थे, एक और नारा थाः 'वेदों की वापसी' मूर्ति पूजा और अन्य अंधविष्वासों को फैलाने के लिए आम हिन्दू धर्म का विषय–वस्तु पूर्ण के विरूद्ध है।

स्वामी दयानंद सरस्वती महिलाओं की षिक्षा के अधिकार और समान सामाजिक स्थिति के समर्थकों और हिमायती के साथ थे, उन्होंने आकांक्षा और बालविवाह आदि के खिलाफ अभियान भी चलाया। वे अंतरजातिय विवाह और विधवा विवाह के समर्थक मथे, साथ ही शूद्रों और महिलाओं को वेदों को पढ़ने और उच्च षिक्षा की स्वतंत्रता के भी समर्थक थे। अपने विचारों को आगे बढाने के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 में आर्य समाज की स्थापना

की। उनका मुख्य लक्ष्य हिंदू धर्म का प्रचार करना और उनमें सुधार करना तथा वेदिक धर्मों की पूर्ण स्थापना काना था। भारत को सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से एक समान करना और भारतीय सभ्यताओं और संस्कृति पर पष्चिमी प्रभाव से लाभ। स्वामी दयानंद सरस्वती ने घोषणा की थी कि 'भारत भारतीयों के लिए है।'

ज्योतिबा गोविंद फुले – इनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा में एक सब्जी विक्रेता परिवार मे हुआ था। पारिवारिक गरीबी के कारण अपनी षिक्षा पूरी नही कर पाये, लेकिन बाद में कुछ लोगो ने फुले जी के अंदर की क्षमता को पहचान लिया, जिससे उनकी मदद मिली। 12 साल की उम्र में ज्योतिबा की शादी सावित्रीबाई फुले से हुई। इनके जीवन में एक बड़ा परिवर्तन तब आया जब एक ब्राह्मण मित्र के द्वारा ज्योतिबा को अपमानित किया गया तब समाज मे व्याप्त जाति और भेदभाव के बारे मे पता चला।

ज्योतिबा ने बुारइयों को महसूस किया और इन सबके विरूद्ध आंदोलन किया। **थॉमस पेन** द्वारा लिखित पुस्तक, 'पुरूषों के अधिकार' में जातिवाद, अस्पृष्यता, महिलाओं की दुर्दषा, किसानों की बुरी स्थिति आदि के खिलाफ आंदोलन करने जैसी गंभीर सामाजिक बुराईयां शामिल है।

ज्योतिबा जी का महत्वपूर्ण कार्य महिला षिक्षा के लिए था, और पुरानी किताब खुद की पत्नी जो हमेषा अपने सपनों को

बांटती थी और पूरा जीवन उनका साथ देती थी। अपनी कल्पनाओं और रहस्यों के एक न्याय संगत और समान समाज के निर्माण के लिये 1848 में ज्योतिबा ने गर्ल्स के लिए स्कूल खोला, इस देष की पहली लड़कियों के लिए था स्कूल, उनकी पत्नी सावित्री वहां अध्यापन का कार्य करती थी, लेकिन अपनी लड़कियों को षिक्षत करने के प्रयास में ज्योतिबा को अपना घर छोड़ने के लिये मजबूर किया गया। दबाव और धमकियों के बाद भी वे अपने लक्ष्य से नही भटके और ससामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़े और अपने लोगो के खिलाप खुद को फैला रहे है।

1851 मे वर्थ बिग और बेहतर स्कूल की शुरूआत हुई जो बहुत प्रसिद्ध हुआ। वहां जाति, धर्म और व पंथ के आधार पर कोई भेद भाव नही था।

निम्न जाति एवं आकांक्षाओं को उपर उठाने के लिए 24 सितंबर 1873 को सत्यषोधक समाज की स्थापना की, इस समाज का मुख्य उद्देष्य यह था कि किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव न किया जाए और समाज का निर्माण किया जाए। सत्यषोधक समाज धार्मिक रूढियों और अंधविष्वासों के खिलाफ था जैसे मूर्ति पूजा, पुजारियों के साधु और अतर्किक रीति–रिवाज आदि।

ज्योतिबा ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध आंदोलन किये।

महात्मा गांधी – मोहन दास करमचन्द्र गांधी जिन्हें महात्मा गांधी भी कहते है। भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आंदोलन के एक प्रमुख्य राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे।

गांधी का ध्यान भारतीय समाज की उन बुराइयों की तरफ गया, जिसके कारण सम्पूर्ण समाज की जड़े खोखली हो चुकी थी। भारतीय समाज और संस्कृति की गणना विष्व के महानतम संस्कृतियों से की जाती थी। लेकिन स्वस्थ परम्पराओं के स्थान पर सामाजिक बुराइयों ने स्थान ले लिया था। समाज को संगठित एवं व्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए वैदिक एवं आर्यों के काल में अनेक व्यवस्थाएं और परम्पराएं स्थापित हो गयी थी।

गांधी जी से पूर्व अनेक समाज सुधारक हुए जिन्होंने इस दिषा में सार्थक प्रयास किया, लेकिन गांधी जी के प्रयास यथार्थ पा आधारित होने के कारण उनके विचारों को सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उस समय समाज में ऊंच–नीच का भेद–भाव अपनी चरम सीमा पर था। गांधी जी ने राष्ट्रीय एकता पर बल दिया और कहा के जब तक समाज में एकता का अभाव रहेगा, तब तक मानव जाति गुलामी की जंजीर से मुक्त नही हो सकते।

गांधी जी ने जातिवाद, साम्रज्यवाद, सम्प्रदायवाद आदि का विरोध किया, दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी ने श्वेत लोगों की रंगभेद की नीति का कड़ा विरोध किया तथा फिर भारत में आकर भी उन्होंने एक समाज सुधारक के रूप में यहां पर प्रचलित

अन्याय, अत्याचार व उत्पीड़न का घोर विरोध किया और संघर्ष किया। गांधी जी सम्पूर्ण जीवन देष के लिए था।

भीम राव अंबेडकर – अंबेडकर साहेब केवल दलितों के ही नही सम्पूर्ण दुनियां के एक लीडर थे। बाबा साहेब की दूरदर्षी सोच, उनके विचार आज भी लोग समय–समय पर याद करते रहते है। अंबेडकर के विचार आज की पीढी का भी मार्गदर्षन करते है। उन्हें जीवन जीने का रास्ता दिखाते है। क्या आप जानते है कि जो बाबा साहेब आज भी करोड़ों लोगो को प्रेरित करते है, उनकी प्रेरणा कौन थे? वो कौन थे, जिन्हे बाबा साहेब अपना गुरू मानते है। अंबेडकर जी ने अपने तीन गुरू के बारे में स्वयं बताया था। अंबेडकर जी ने कहा था कि मेरे तीन गुरू है। प्रत्येक व्यक्ति के कोई न कोई गुरू अवष्य होता है। अंबेडकर ने कहा कि मै कोई वैरागी या संन्यासी नही हूं।

1. महात्मा बुद्ध

2. कबीर दास

3. ज्योतिबा फुले

हिन्दू समाज की छोटी जातियों को उच्च वर्णों के प्रति उनकी गुलामी की भावना के संबंध जाग्रत किया था। इस तरह अंबेडकर थे। अंबेडकर कहते है कि इनके विचारों ने मुझे अधिक प्रभावित किया और मेरा जीवन इन गुरूवो की षिक्षा के कारण यह जो विचार इन्ही गुरूवों का आषीर्वाद है।

विनोबा भावे – विनोब जी आधुनिक भारत के मत्वपूर्ण मानवतावादी और समाज सुधारको में से एक है। इनका जन्म महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के गागोडे गांव में ब्राह्मण परिवार में नरहरि शूंभ राव और रूक्मणी देवी के यहां 11 सितंबर 1895 को हुआ था। ये भगवतगीता से अधिक प्रेरित थे।

विनोब जी का प्रमुख योगदान भू–दान आंदोलन में था, जो 18 अप्रैल 1951 को तेलांगना के पोचाम्पली से शुरू हुआ। धीरे–धीरे इस आंदोलन ने गति पकड़ी और पूरे भारत में घूम–घूम कर जमीदारों से गरीब किसानों का जमीन देने के लिये कहा। जमीन उपहार में मिलने के बाद पूर्वोत्तर गरीब लोगों को अपनी जमीन पर खेती करने के लिये दे दिया गया। भूदान आंदोलन लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने में एक अलग प्रकार का तरीक था।

विनोब जी ने ब्रह्म विद्या मंदिर की स्थापन भी, इन महिलाओं को भोजन उत्पादन में स्थिरता और अहिंसात्मक तरीके से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक आश्रम और समुदाय है।

विनोब जी भी धार्मिक उदारता के एक महान विष्वास थे और वो अपने धर्म और अध्यापन से आम लोगो को ये उपदेष देने का प्रयास करते थे। वो भगवतगीता से अधिक प्रभावित और पांरपरिक मराठी भाषा में अनुवाद किया। गीता, कुरान और बाइबिल के उपदेष की व्याख्या की और कई धार्मिक लेख लिखे।

विनोब जी का निधन 15 नवंबर 1982 को महाराष्ट्र के वर्धा में हुआ। अपने पूरे जीवन भर संविधान के सिद्धांतो पर अमल करते रहे और समाज सेवा करें।

सम्पूर्ण भारत में व्याप्त अनेकों कुरीतियों को समाप्त करने के लिये हमारे देष के विभिन्न प्रांतों से अनेक समाज सुधारको ने देष को कुरीतियों से मुक्त करने के लिये अनेक आंदोलन और त्याग किये। इससे बाद समाज में अनेकों कुरीतियों का अन्त हुआ और स्त्रियों का विकास हुआ।[2]

1. महात्मा गंगादास और उनका काव्य–डॉ0 जगन्नाथ शर्मा 'हंस' पृ. 132, 305, 306, 309, 311।

2- hindikduniya.com.

उपसंहार

प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में गुरू और शिष्य का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। गुरू का ज्ञान ही शिष्य को मानवता का ज्ञान देते है। गुरू की शिक्षा से ही शिष्य को अपने लक्ष्य की प्राप्ति होती है। गुरू और शिष्य का संबंध कुम्हार और मिट्टी के समान होता है।

संत गंगादास इतिहास के ऐसे गुरू है। जिन्होंने देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्रमा की नायिका झांसी की रानी के गुरू थे। जिन्होंने रानी को देश की रक्षा लिए प्रेरणा दी। अपने गुरू के वचनों से प्रेरित होकर रानी ने देश की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन बलिदान कर दिया। झांसी की रानी का नाम इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा है। गुरू और शिष्य का संबंध अनमोल होता है। गुरू के मार्गदर्शन से ही शिष्य का संपूर्ण जीवन बदल जाता है। संत गंगादास के वचनों से प्रेरित होकर देशभक्तिों ने देश को गुलामी से मुक्ति कराने के लिए अनेको वीरों ने अपने जीवन को देश को समर्पित कर दिया।

भारतीय संस्कृति में गुरू का गान किया जाता है–

गुरूब्रह्मा गुरूविष्णु ,गुरूदेवो महेश्वरः।
गुरू साक्षात् परमब्रह्मा, तस्मौ श्री गुरूवे नमः ।।

भारतीय संस्कृति गुरू को ईश्वर के समान समझा जाता है। गुरू मानव जीवन का आधार स्तम्भ होता है। एक गुरू ही अपने शिष्य को मानवता तथा नैतिकता शिक्षा देता है।

हमारा देश गुरूओं और महात्माओं की जन्मभूमि है, जैसे – महात्मा बुद्ध, कबीर, सूर, तुलसी, संत गंगादास, रहीम आदि संत महात्माओं ने समाज और देश को अपने ज्ञान और दार्शनिक विचारों से मानव जाति के समाने एक नये समाज का रूप प्रस्तुत किया। समाज में फैली कुरीतियो और जातिवाद के प्रति मानव के विचारों पर प्रहार किया।

आधुनिक काल में समाज में फैली कुरीतियों और जातिवाद का विरोध होता रहता है। समय–समय पर समाज में समाज सुधारको का जन्म होता रहता है, जैसे– राजा राम मोहन राय, ईष्वर चन्द्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डां0 अंबेडकर आदि समाज सुधारको ने समाज में फैली कुरीतियों के विरूद्ध आंदोलन किये। इन आंदोलनों के कारण समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों का अन्त हुआ, जैसे – सतीप्रथा, बालविवाह, देहजप्रथा आदि। स्त्रियों की शिक्षा का अधिकार और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का समाज सुधारकों ने अति प्रयास किया। स्त्रियों शिक्षा के लिए ज्योतिबा फुले ने गर्ल्स के लिए स्कूल खोला।

मानव के जीवन में संघर्ष का अपना ही महत्व है, क्योकि संघर्ष मय मानव ही इतिहास रचता है। जब किसी व्यक्ति के

अपने जीवन में कुछ अलग करने की चाह के कारण मानव अपने विचारो और कार्यों के माध्यम से मानव अपना नाम इतिहास के पन्नों मे लिखता है जैसे कलिदास जो संस्कृत के महान रचनाकार है। कालिदास एक कालजयी व्यक्ति है।

मानव अपने आस–पास के वातावरण से प्रभावित होकर वह स्वयं एक क्रान्तिकारी व्यक्ति का जन्म होता है। जैसे गुलामी के समय हमारे देश हजारों नवजवान देश को गुलामी से मुक्ति कराने के लिए क्रान्तिकारी बन गये। उन्होंने समाज और देश को एक नया भविष्य दिया। गांधी, भगत सिंह, सुभाषचन्द्र बोस आदि क्रान्तिकारियों ने अपने जीवन को देश के लिए बलिदान कर दिया।

जीरी की इस वक्त पर तौल रही ना माप।
अंधकार भया लोक में ये कलि के परताप,
ये कलि के परताप मती में पाप समाएं,
ऊंच गिनै ना नीच पाप ने धर्म गमाएं,
गंगादास कह मती हड़ी परजा सारी की,
घर–घर इक सिर्फ चोरी जारी की,

–संत गंगादास–कुण्डलियां

भारतीय संस्कृति में गुरूवों का जो स्थान है। वह अधिक महत्वपूर्ण है। मुझे इस शोध के माध्यम से गुरू के महत्व का ज्ञान प्राप्त हुआ है। मेरे जीवन में गुरूजनों का क्या महत्व है, इसका मैं शब्दों में वर्णन नही कर सकते। मानव के जीवन में गुरू

का क्या स्थान है? यह मानव जाति को बहुत अच्छे से ज्ञात है। यह संपूर्ण शोध गुरू और शिष्य के संबंधो तथा उनके दार्शनिक विचारों से समाज और देश मे रहने वाले मानव जाति पर क्या प्रभाव पड़ता है उसकी कल्पना गुरू स्वयं भी नही कर सकता है।